राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड

प्रेस विज्ञप्ति–2

राज्यपाल ने प्रदेशवासियों को महावीर जयंती की शुभकामनाएं दी हैं।

राजभवन देहरादून 20 अप्रैल, 2024

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने प्रदेशवासियों को महावीर जयंती की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि भगवान महावीर की शिक्षाएं और जीवन संदेश अनुकरणीय हैं तथा अहिंसा, लोक कल्याण, त्याग और समर्पण की प्रेरणा देती हैं। भगवान महावीर ने सत्य, अहिंसा व प्राणि मात्र के प्रति दया भाव की शिक्षा दी, जो आज भी प्रासंगिक है। समाज में प्रेम, समरसता व सद्‌भाव के लिए जीवन में भगवान महावीर के सिद्धांतों को अपनाए जाने की आवश्यकता है।

..........0..........